


# प्लैनेट न्यूज़ इंडिया

हर खबर सच के साथ

अलीगढ़,सोमवार, 14 जुलाई 2025 Follow us on:/ planetnewsindia@gmail.com


## अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा अलीगढ़ ने युवा टीम का किया गठन,





रुद्र प्रताप सिंह मंडल अध्यक्ष युवा वा एड० दीपक प्रताप सिंह ( डोंज़ी) मंडल प्रभारी युवा एवं युवराज को जिलाध्यक्ष युवा नियुक्त किया अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा 1897 अलीगढ़ की युवा टीम का गठन रामघाट रोड स्थित नेक्स्ट स्टेप होटल में भव्य रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष डॉ. शैलेंद्र पाल सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही।प्रदेश अध्यक्ष डॉ. शैलेंद्र पाल सिंह ने नई युवा टीम की घोषणा करते हुए कहा कि संगठन को नई ऊर्जा देने के लिए युवाओं की भूमिका बेहद अहम है। उन्होंने संगठन को और मजबूत करने के लिए सबको एकजुट होकर काम करने का आह्वान किया।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह ने कहा, "युवा शक्ति किसी भी संगठन की रीढ़ होती है। हमें गर्व है कि अलीगढ़ की यह युवा टीम समाज की सेवा, संगठन की मजबूती और एकता के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेगी। संगठन अब और अधिक संगठित होकर समाज के हर वर्ग तक पहुँचेगा।"कार्यक्रम में रुद्र प्रताप सिंह को मंडल अध्यक्ष युवा, दीपक प्रताप सिंह को मंडल प्रभारी युवा, तथा युवराज सिंह को जिला अध्यक्ष युवा पद पर मनोनीत किया गया।नवनियुक्त रुद्र प्रताप सिंह ने कहा, "हम संगठन के माध्यम से रक्तदान शिविर, कैरियर काउंसलिंग जैसे सामाजिक कार्यों को मंडल स्तर पर सक्रिय रूप से आगे बढ़ाएंगे।"युवराज सिंह ने कहा, "मैं प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त करता हूँ और पूरी निष्ठा से संगठन को आगे ले जाने का संकल्प लेता हूँ।"जैकी ठाकुर ने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के हर जिले में संगठन को मज़बूती देने और समाज को संगठित करने की दिशा में कार्य किया जाएगा।प्रदेश पदाधिकारी अश्वनी सिंह ने कहा कि "उज्जैन में राष्ट्रीय अधिवेशन के समय मुझे पश्चिम उत्तर प्रदेश की जिम्मेदारी सौंपी गई थी, जिसके अंतर्गत यह विस्तार किया जा रहा है।"इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित रहे:

विवेक सिंह, धीरेंद्र प्रताप सिंह, अखिलेश तोमर, मीरा जादौन, कपिल कुमार सिंह, मनीष सिंह,पवन, यश, दीपु, शेखर, रिपु, रवि ठाकुर, बबलू ठाकुर, अभय ठाकुर, ठाकुर प्रद्युमन राणा, जिन्होंने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी एवं संगठन की मजबूती के लिए अपना सहयोग देने का आश्वासन दिया। जय क्षत्रिय समाज!


## UP Encounter

### संजीव जीवा और मुख्तार अंसारी गिरोह का शूटर शाहरुख पठान ढेर, एसटीएफ के साथ मुठभेड़ में मारा गया



मुजफ्फरनगर में मेरठ स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) को बड़ी कामयाबी मिली है। मेरठ स्पेशल टास्क फोर्स ने गैंगस्टर संजीव माहेश्वरी जीवा और माफिया डॉन मुख्तार अंसारी गिरोह के शूटर शाहरुख पठान को मुठभेड़ में मार गिराया। खालापार निवासी शाहरुख पठान ने पुलिस पर 10 से ज्यादा राउंड फायरिंग की। जवाबी फायरिंग में एसटीएफ ने शार्प शूटर शाहरुख पठान को मार गिराया।जानकारी के अनुसार, शाहरुख पठान पर एक दर्जन से अधिक मामले दर्ज थे। एसटीएफ ने मौके से तीन पिस्तौलें बरामद कीं। 60 से ज़्यादा कारतूस और एक कार भी बरामद की गई है। पुलिस ने शाहरुख पठान के पास से एक 9 एमएम की देसी पिस्तौल भी बरामद की है।एसटीएफ के एएसपी बृजेश कुमार ने बताया कि एक सूचना के आधार पर एसटीएफ टीम ने कार सवार बदमाश की घेराबंदी की थी। देर रात छपार क्षेत्र में बिजोपुरा तिराहे पर कार सवार बदमाश से मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में मुजफ्फरनगर जनपद के थाना खालापार के मोहल्ला खालापार निवासी शाहरुख पठान मारा गया। उससे देसी पिस्टल सहित तीन पिस्टल व 50 से अधिक कारतूस बरामद हुए। एएसपी ने बताया कि मुठभेड़ में ढेर बदमाश के खिलाफ एक दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। वह पूर्व में पुलिस कस्टडी में हत्या भी कर चुका है। उसके बारे में अन्य जानकारी जुटाई

## यमुना में मृत पाई गई त्रिपुरा की लड़की



त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा के हस्तक्षेप के बाद एक व्यापक तलाशी अभियान शुरू किया गया था। इसके बाद रविवार को दिल्ली पुलिस और एनडीआरएफ ने उसका शव नदी से बरामद किया। त्रिपुरा की 19 साल की लड़की का शव बीते दिन उसके लापता होने के लगभग एक हफ्ते बाद दिल्ली में यमुना नदी में मिला। उसके माता-पिता अपनी दो बेटियों की बेहतर पढ़ाई के लिए राष्ट्रीय राजधानी आए थे। मूल रूप से त्रिपुरा के सबरूम की रहने वाली 19 वर्षीय स्नेहा देबनाथ दिल्ली विश्वविद्यालय के आत्मा राम सनातन धर्म कॉलेज में पढ़ रही थी। वह 7 जुलाई को लापता हो गई थी। त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा के हस्तक्षेप के बाद एक व्यापक तलाशी अभियान शुरू किया गया था। इसके बाद रविवार को दिल्ली पुलिस और एनडीआरएफ ने उसका शव नदी से बरामद किया। घटना ने माता-पिता को तोड़कर रख दिया है। मृतका के पिता प्रीतिश देबनाथ को विश्वास नहीं हो रहा कि उनकी बेटी उन्हें छोड़कर चली गई है। जब पीटीआई ने उनसे संपर्क किया तो वे बोल नहीं पा रहे थे। बाद में खुद को संभालते हुए उन्होंने कहा, 'मैं अभी कुछ नहीं कह सकता... मैं इस स्थिति में नहीं हूं कि किसी से बात कर सकूं कि मेरे मन में क्या चल रहा है।' दक्षिण त्रिपुरा के सबरूम उपखंड के भूराटाली गांव के रहने वाले पूर्व सैन्यकर्मी अपनी दोनों बेटियों बिपासा और स्नेहा को अच्छी शिक्षा दिलाने के लिए दिल्ली आ गए थे। बड़ी बेटी बिपासा गणित में स्नातकोत्तर की कर रही है, जबकि स्नेहा कॉलेज में द्वितीय वर्ष में थी।मृतक के चचेरे भाई आशिम देबनाथ ने सबरूम से बताया, 'मेरे चाचा, जो दिल्ली के साकेत इलाके में एक फ्लैट में रहते थे, अपनी दोनों बेटियों की उच्च शिक्षा पूरी होने के बाद अपने पैतृक स्थान बुराटाली लौटने की योजना बना रहे थे।' उन्होंने आगे कहा, 'स्नेहा की मौत से हम स्तब्ध और अवाक हैं। मेरे चाचा से मैंने रविवार रात बात की थी, अपनी छोटी बेटी की दुखद मौत से बहुत दुखी हैं।'इस बीच मुख्यमंत्री ने मामले पर दुख जताया और कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि यह आत्महत्या का मामला है। मुख्यमंत्री ने रविवार को एक पोस्ट में कहा, 'मैं बच्ची की मृत्यु पर गहरा दुःख व्यक्त करता हूं और शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं। मैं त्रिपुरा भवन, नई दिल्ली के अधिकारियों से अनुरोध करता हूं कि वे परिवार को हर संभव सहायता प्रदान करें।'उन्होंने कहा, 'प्रारंभिक जांच से पता चला है कि बच्ची ने नदी में कूदकर आत्महत्या की है। घटना के पीछे के कारणों का पता लगाने के लिए पूरी जांच की जा रही है।'त्रिपुरा की 19 साल की लड़की का शव बीते दिन उसके लापता होने के लगभग एक हफ्ते बाद दिल्ली में यमुना नदी में मिला। उसके माता-पिता अपनी दो बेटियों की बेहतर पढ़ाई के लिए राष्ट्रीय राजधानी आए थे। मूल रूप से त्रिपुरा के सबरूम की रहने वाली 19 वर्षीय स्नेहा देबनाथ दिल्ली विश्वविद्यालय के आत्मा राम सनातन धर्म कॉलेज में पढ़ रही थी। वह 7 जुलाई को लापता हो गई थी। त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा के हस्तक्षेप के बाद एक व्यापक तलाशी अभियान शुरू किया गया था। इसके बाद रविवार को दिल्ली पुलिस और एनडीआरएफ ने उसका शव नदी से बरामद किया। घटना ने माता-पिता को तोड़कर रख दिया है।

## ED Summon To Lawyers



मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई, न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ इस मामले की सुनवाई करेगी। यह ईडी की ओर से वरिष्ठ वकीलों अरविंद दातार और प्रताप वेणुगोपाल को तलब किए जाने के बाद सामने आया।मुवक्किलों को पेशेवराना कानूनी राय देने पर वकीलों को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से समन किए जाने के मामले में स्वत: संज्ञान लेते हुए सुप्रीम कोर्ट सोमवार को मामले की सुनवाई करेगा। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई, न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ इस मामले की सुनवाई करेगी। यह ईडी की ओर से वरिष्ठ वकीलों अरविंद दातार और प्रताप वेणुगोपाल को तलब किए जाने के बाद सामने आया। सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) और सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट्स-ऑन-रिकॉर्ड एसोसिएशन (एससीएओआरए) ने इस समन की निंदा की और इसे एक परेशान करने वाली प्रवृत्ति बताया जिसने कानूनी पेशे की बुनियाद पर प्रहार किया है। बार निकायों ने भारत के मुख्य न्यायाधीश से मामले का स्वतः संज्ञान लेने का आग्रह किया था। हालांकि, ईडी ने 20 जून को अपने जांच अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे मनी लॉन्ड्रिंग की जांच का सामना कर रहे आरोपियों के किसी वकील को समन जारी

# Aaj Ka Rashifal 14 July

## वृषभ, सिंह और कन्या राशि वालों को मिलेगा भाग्य का साथ, पढ़ें आज का राशिफल

14 July Ka Rashifal: आचार्य मानस शर्मा से जानिए चंद्र राशि पर आधारित मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन राशि वालों के लिए 14 जुलाई 2025 का राशिफल। आज 14 जुलाई, सोमवार का दिन है और सावन का पहला सोमवार है



### मेष

आज के दिन आपके इनकम के सोर्स बढ़ेंगे। आप अपनी अच्छी सोच का कार्यक्षेत्र में लाभ उठाएंगे। आपको एक से अधिक स्त्रोतों से इनकम में इजाफा हो सकता है, लेकिन वाहन की अकस्मात खराबी के कारण आपका धन खर्च बढ़ सकता है। परिवार में किसी सदस्य के विवाह की बात पक्की होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। कार्यक्षेत्र में किसी बात को लेकर यदि लड़ाई-झगड़े की स्थिति उत्पन्न हो, तो आपको उस मामले को समझदारी से निपटना होगा। आपको जीवनसाथी की ओर से कोई सरप्राइज गिफ्ट मिल सकता है।

### वृषभ

आज का दिन आपके लिए धनधान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है। आपको अपनी सेहत को लेकर एहतियात बरतनी होगी, इसलिए आप अच्छी डाइट लें। आप दिल से लोगों का भला सोचेंगे, लेकिन लोग इसे आपका स्वार्थ समझ सकते हैं। आप अपने किसी मित्र के लिए कुछ रूपयों का इंतजाम भी कर सकते हैं। आप यदि कहीं घूमने जाने की तैयारी कर रहे हैं, तो आपको कुछ समय रुकना बेहतर रहेगा।

### मिथुन

आज का दिन आपके लिए किसी निवेश को करने के लिए बेहतर रहेगा। आप अपने मन में नकारात्मक विचारों को ना रखें। आपको कोई काम को लेकर यदि सलाह दें, तो आप उस पर बहुत ही सोच समझकर अमल करें। आपको भविष्य के लिए कोई बड़ा इन्वेस्टमेंट करने की आवश्यकता है। प्रेम जीवन जी रहे लोगों को अपने साथी से किसी बात को लेकर कहासुनी हो सकती है। आपको अपने रिश्तों में तालमेल बनाकर चलना होगा।

### कर्क

आज का दिन आपके लिए सेहत पर पूरा ध्यान देने के लिए रहेगा। आप अपनी सेहत को लेकर एहतियात बरतनी होगी और अपने खान-पान पर पूरा ध्यान दें। यदि आप किसी यात्रा पर जाएं, तो वहां आपको कुछ ऊंचाई वाली जगह जाने से बचना होगा। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है। परिवार में आपके लिए गए फैसले से कोई सदस्य नाराज हो सकता है। आप सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ उठाएंगे और धन संचय की योजनाओं को लेकर भी आपका निर्णय बेहतर रहेंगे।

### सिंह

आज का दिन इनकम को बढ़ाने वाला रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। आप जिस काम में हाथ डालेंगे, उसमें आपको सफलता अवश्य मिलेगी। आप कामों को लेकर काफी व्यस्त रहेंगे। विद्यार्थियों ने यदि किसी परीक्षा को दिया था, तो उसके परिणाम आ सकते हैं। आप अपने लेनदेन से संबंधित मामलों को समय से निपटाने की कोशिश करें। परिवार के सदस्यों के साथ मिल बैठकर आप कुछ पुरानी यादों को ताजा करेंगे।

### कन्या

आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आप अपने अच्छी सोच का लाभ उठाएंगे। विदेशों से व्यापार कर रहे लोगों को कोई बड़ा ऑर्डर मिल सकता है। आप अपनी शौक और मौज की चीजों पर भी अच्छा खासा धन खर्चा करेंगे। आपकी कोई पुरानी गलती के लिए आपको अपने बॉस से माफी मांगनी पड़ सकती है। आप कार्यक्षेत्र के कामों पर पूरा ध्यान दें। आपने यदि किसी से धन उधार लिया था, तो वह आपसे वापस मांग सकते हैं। आपको अपने खर्चों को लेकर भी योजना बनाकर चलना होगा।

### तुला

आज का दिन आपके लिए सावधान रहने के लिए रहेगा। आपको एक साथ कई काम हाथ लगने से आपकी व्याकाग्रता बढ़ सकती है। आपको किसी को धन देने से बचना होगा। जीवनसाथी से आपकी खटपट होने की संभावना है। आप अपने पिताजी के किसी पुराने रोग के उभरने से परेशान रहेंगे। भागदौड़ भी बनी रहेगी। संतान के भविष्य को लेकर आप बड़ा इन्वेस्टमेंट कर सकते हैं। आपको किसी दूर रह रहे परिजन से कोई निराशाजनक सूचना सुनने को मिल सकती है।

### वृश्चिक

आज का दिन आपके लिए इनकम को बढ़ाने वाला रहेगा। आपको किसी वाद-विवाद से दूर रहने की आवश्यकता है। पार्टनरशिप में आप कोई काम ना करें। संतान के करियर पर आप पूरा ध्यान दें और प्रेम जीवन जी रहे लोगों की अपने साथी के साथ चल रही अनबन भी दूर होगी। रक्त संबंधी रिश्तों में मजबूती आएगी। आप किसी से काम को लेकर सलाह ले सकते हैं। कोई पुराना मित्र आपसे लंबे समय बाद मिलने आ सकता है। आज आपको सेहत में भी उतार-चढ़ाव लगा रहेगा।

### धनु

आज का दिन आपके लिए जिम्मेदारी से काम करने के लिए रहेगा। आपका कोई बड़ा प्रोजेक्ट पूरा हो सकता है आप किसी अजनबी पर भरोसा ना करें। आपकी पद- प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी और खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आप धार्मिक कामों में पर बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे। प्रतिस्पर्धा का भाव आपके मन में बना रहेगा। आपकी यदि किसी से धन उधार लेंगे, तो वह आपसे वापस मांग सकते हैं।

### मकर

आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। व्यापार में आपको कुछ नए अवसर हाथ लगेंगे। सिंगल लोगों की अपने साथी से मुलाकात हो सकती है। आप मौज-मस्ती के मूड में रहेंगे। किसी से धन उधार लेने से बचना होगा। राजनीति में आप थोड़ा सोच समझकर कदम बढ़ाए। आपका कोई पुरानी गलती आज आपके लिए समस्या बन सकती हैं। घूमने-फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। आप संतान के फरमाइश पर उनका किसी नए कोर्स में दाखिला दिला सकते हैं।

### कुंभ

आज का दिन आपके लिए लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए रहेगा। आपकी कला और कौशल में सुधार आएगा और आपकी सुख सुविधाएं बढ़ेंगी। अटका हुआ धन आपको मिल सकता है। परिवार में सदस्यों में यदि गलतफहमी उत्पन्न हो गई थी, तो वह भी दूर हो सकती हैं। आज आप अपनी चतुर बुद्धि का प्रयोग करके किसी काम को आसानी से पूरा कर सकेंगे। आपका मन इधर-उधर के कामों में ज्यादा लगेगा। आपका कोई पुराना फैसला आपको समस्या दे सकता है।

### मीन

आज का दिन शेयर मार्केट से जुड़े लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। आपको कोई पुराने निवेश से बेहतर लाभ मिलने की संभावना है। किसी प्रॉपर्टी को लेकर आप काफी उत्साहित होंगे। आप परिवार के सदस्यों के साथ आनंदमय समय व्यतीत करेंगे। प्रेम जीवन जी रहे लोगों को अपने साथी को प्राथमिकता देनी होगी, जिससे आप बेहतर फील कर सकते हैं। आप किसी दूसरे के काम में बेवजह ना पड़े, नहीं तो इससे आने वाले समय में आपकी समस्याएं ही बढ़ेगी।

Aaj Ka Rashifal 14 July 2025: आज 14 जुलाई, सोमवार का दिन है और सावन का पहला सोमवार है। आज के दिन चंद्रमा का संचरण पूरे दिन शनिदेव की राशि कुंभ में होगा। वहीं हिंदू पंचांग के अनुसार आज श्रावण माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि है, जिसमें चंद्राधियोग का निर्माण भी हुआ है। दैनिक राशिफल की गणना के अनुसार आज के दिन मेष, वृषभ, कन्या, तुला और कुंभ राशि वालों को शुभ समाचार सुनने को मिल सकता है। आइए विस्तार से जानते हैं की गणना करते समय ग्रह-नक्षत्र के साथ-साथ पंचांग का विश्लेषण किया जाता है।

# ईडी के सामने रॉबर्ट वाड्रा की पेशी

इससे पहले मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी की ओर से रॉबर्ट वाड्रा को समन जारी किया गया था। इसके तहत वाड्रा को 17 जून को दिल्ली स्थित ईडी कार्यालय में पेश होना था। तब वे ईडी के सामने पेश नहीं हुए थे।कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के पति और जानेमाने कारोबारी रॉबर्ट वाड्रा सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय के सामने पेश हुए। उनसे ब्रिटिश हथियार सलाहकार संजय भंडारी से जुड़े धन शोधन मामले में पूछताछ की गई। वाड्रा का बयान धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत दर्ज किया जा रहा है। 56 वर्षीय वाड्रा को एजेंसी ने पिछले महीने बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया था, लेकिन उन्होंने विदेश यात्रा के कारण अपने समन को स्थगित करने का अनुरोध किया था।



कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के पति और जानेमाने कारोबारी रॉबर्ट वाड्रा सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय के सामने पेश हुए। उनसे ब्रिटिश हथियार सलाहकार संजय भंडारी से जुड़े धन शोधन मामले में पूछताछ की गई। वाड्रा का बयान धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत दर्ज किया जा रहा है। 56 वर्षीय वाड्रा को एजेंसी ने पिछले महीने बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया था, लेकिन उन्होंने विदेश यात्रा के कारण अपने समन को स्थगित करने का अनुरोध किया था।केंद्रीय जांच एजेंसी उनसे तीन अलग-अलग धन शोधन मामलों में पूछताछ कर रही है, जिनमें यह मामला भी शामिल है। अन्य दो मामले भूमि सौदों में कथित अनियमितताओं से संबंधित हैं। 63 वर्षीय भंडारी 2016 में आयकर विभाग की ओर से दिल्ली में छापेमारी के तुरंत बाद लंदन भाग गए थे। हाल ही में दिल्ली की एक अदालत ने उन्हें भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित किया है।इससे पहले पिछले महीने वे ईडी की ओर से समन भेजे जाने के बाद भी पेशी के लिए नहीं आए थे। इसकी वजह उनका विदेश में होना बताया गया था। इससे पहले ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ के लिए वाड्रा को अपने दफ्तर बुलाया था। मामला ब्रिटेन के रहने वाले हथियार डीलर संजय भंडारी से जुड़ा है। मामले की जांच प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के तहत की जा रही है।वाड्रा से ईडी ने अप्रैल में तीन दिन लगातार पूछताछ की थी। ये पूछताछ हरियाणा में 2008 की एक जमीन डील में कथित गड़बड़ियों से जुड़े एक अन्य मनी लॉन्ड्रिंग मामले में की गई थी। रॉबर्ट वाड्रा ईडी की जांच के तहत कुल तीन मनी लॉन्ड्रिंग मामलों में फंसे हुए हैं।

# दो नहीं तीन स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

**मचा हड़कंप, मौके पर पहुंची पुलिस टीम** Delhi Bomb Threat: राजधानी दिल्ली में एक बार फिर स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। यह धमकी मेल के जरिए मिली है। इस खबर के बाद दिल्ली पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। खबर लगते ही स्कूल में हड़कंप मच गया।



दिल्ली के तीन स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। यह धमकी स्कूलों को मेल से भेजी गई है। इनमें से एक चाणक्यपुरी और दूसरा द्वारका और तीसरा प्रशांत विहार का है। दिल्ली पुलिस ने कहा कि तलाशी के दौरान अब तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। जांच की जा रही है। दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि सोमवार सुबह दिल्ली के तीन स्कूलों में बम की धमकी मिली, जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने कहा कि सुबह करीब 8 बजे पुलिस को प्रशांत विहार और द्वारका सेक्टर 16 स्थित सीआरपीएफ स्कूलों के साथ-साथ चाणक्यपुरी स्थित एक अन्य स्कूल से बम की धमकी के बारे में कॉल आई ।आगे कहा कि पुलिस दल तुरंत स्कूल परिसर की जांच के लिए पहुंची। पुलिस उपायुक्त (द्वारका) अंकित सिंह ने कहा कि सोमवार सुबह द्वारका उत्तर थाने को एक पीसीआर कॉल मिली थी। जिसमें सीआरपीएफ स्कूल में बम की धमकी की सूचना दी गई थी। इलाके की तुरंत तलाशी ली गई। स्थानीय पुलिस, खोजी कुत्ते और बम निरोधक दस्ते स्कूल पहुंचे और जांच की।उन्होंने आगे कहा कि साइबर पुलिस विशेषज्ञ ईमेल के स्रोत का पता लगा रहे हैं।डीसीपी ने कहा कि स्कूल में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। अभी तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है।

# अरबाज खान ने दिया चौंकाने वाला जवाब

Salman Khan On No-Kiss Policy: हाल ही में सलमान खान ने कहा कि वह पर्दे पर किस नहीं करते हैं। अरबाज खान ने सलमान की इस बात का जवाब दिया है।बॉलीवुड सुपरस्टर सलमान खान कई चीजों के लिए मशहूर हैं। उन्होंने बॉलीवुड को कई बलॉकबस्टर फिल्में दी हैं। वह अपनी अच्छी फिटनेस के लिए जाने जाते हैं। सलमान खान के बारे में एक और चीज है, जिसकी अकसर चर्चा होती है। वह है पर्दे पर उनकी नो किस पॉलिसी। खबरों के मुताबिक कई बार सलमान खान ने फिल्मों में किस सीन करने से मना कर दिया है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में सलमान खान के भाई अरबाज खान ने बताया है कि सलमान खान पर्दे पर किस सीन क्यों नहीं करते हैं।सलमान खान एक बार कपिल शर्मा शो में आए थे। उनके साथ उनके भाई अरबाज खान भी थे। कपिल




शर्मा ने सलमान खान से पर्दे पर किस ना करने के नियम के
बारे में पूछा। इस ... किस तो मैं
करता नहीं स्क्रीन ... 'सलमान
खान की इस ब... ने जवाब
दिया। अरबाज वे... कर दिया।
अरबाज खान ने ... न इतनी
किस कर लेते हैं ... ही नहीं
पड़ती है।' अरब... के साथ
सलमान खान भ... लोगों का
कहना है कि सल... ना नियम
फिल्म 'जीत' में ... को किस
किया था। हालांकि कुछ लोगों का कहना है कि सलमान खान



# Dipika Kakar

Dipika Kakar Health Update: पिछले महीने टीवी अभिनेत्री दीपिका कक्कड़ के स्टेज 2 लिवर कैंसर की सर्जरी की गई थी। अब एक्ट्रेस के पति शोएब इब्राहिम ने दीपिका की हेल्थ को लेकर अपडेट दिया है। आइए जानते हैं उन्होंने क्या कहा। मई महीने में टीवी एक्ट्रेस दीपिका कक्कड़ को लीवर में स्टेज 2 के कैंसर होने का पता चला था। इसके बाद जून में एक्ट्रेस के लीवर में मौजूद घातक ट्यूमर को सर्जरी के जरिए काटकर निकाला गया था। अब करीब एक महीने बाद अभिनेत्री के पति शोएब इब्राहिम ने उनकी सेहत को लेकर जानकारी साझा की है। चलिए जानते हैं कि शोएब ने क्या खुलासा किया। अभिनेता शोएब इब्राहिम ने अपने व्लॉग के जरिए दीपिका कक्कड़ की सेहत को लेकर अपडेट दिया। उन्होंने कहा, 'पहले हमें लगा कि अगर




# पैपराजी कल्चर को लेकर रितेश ने दी प्रतिक्रिया,



**Riteish Deshmukh On Paparazzi: लगातार बढ़ता पैपराजी कल्चर कई बार सेलेब्स के लिए मुसीबत बन जाता है। इसलिए अक्सर सेलेब्स इनको लेकर सवाल भी उठाते रहते हैं। अब रितेश देशमुख ने भी इसको लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी है।** शेफाली जरीवाला की मौत के बाद एक बार फिर पैपराजी कल्चर सेलेब्स के निशाने पर है। वरुण धवन समेत कई सेलेब्स पैपराजी कल्चर पर उंगली उठा चुके हैं। उनका कहना है कि पैपराजी को भी थोड़ी संवेदनाएं दिखानी चाहिए। अब इस बीच अभिनेता रितेश देशमुख ने पैपराजी कल्चर को लेकर बात की और उन्होंने बताया कि कैसे उन्होंने अपने बच्चों को पैपराजी के सामने आने और उनसे बात करने के बारे में बताया है।हिंदुस्तान टाइम्स के साथ बातचीत के दौरान रितेश ने कहा कि हमें पैपराजी से निपटना सीखना होगा। अभिनेता ने कहा, "हमारे बच्चे खेल खेलते हैं और वे रोजाना वहां जाते हैं। कभी-कभी, जब हम उनके मैच देखते हैं, तो कुछ पैपराजी हमारी तस्वीर खींच लेते हैं, इसलिए हमें इससे निपटना सीखना होगा। आपको बच्चों से बात करनी होगी और सुनिश्चित करना होगा कि वे खुद को हकदार न समझें। मैं अपने बेटों से बस यही कहता हूं कि फोटो खिंचवाना सम्मान की बात है। जब पैपराजी तस्वीरें मांगते हैं, तो आप उन्हें क्लिक करने के लिए धन्यवाद देते हैं और आगे बढ़ जाते हैं।"सेलेब्रिटी पेरेंट्स को अपने बच्चों के मीडिया के सामने किस तरह से लाना चाहिए या क्या करना चाहिए। इस पर बात करते हुए रितेश देशमुख ने कहा कि सेलिब्रिटी माता-पिता को अपने बच्चों को मीडिया के सामने लाने के लिए किस तरह का रवैया अपनाना चाहिए,

# फैंटास्टिक फोर' फेम अभिनेता जूलियन मैकमोहन का हुआ निधन,




Julian McMahon Passed Away: लंबे समय से कैंसर से जूझ रहे हॉलीवुड अभिनेता जूलियन मैकमोहन का 56 वर्ष की आयु में निधन हो गया। अभिनेता को 'फैंटास्टिक फोर' फिल्म में शानदार भूमिका निभाने के लिए जाना जाता था। लंबे समय से कैंसर से जूझ रहे हॉलीवुड अभिनेता जूलियन मैकमोहन का 56 वर्ष की आयु में निधन हो गया। अभिनेता को 'फैंटास्टिक फोर' फिल्म में शानदार भूमिका निभाने के लिए जाना जाता था। इस खबर के आते ही मनोरंजन जगत में शोक की लहर छा गई है।हॉलीवुड अभिनेता जूलियन मैकमोहन के निधन की पुष्टि उनकी पत्नी कैली मैकमोहन ने डेडलाइन को दिए एक बयान के जरिए की। उन्होंने कहा, 'कैंसर को हराने के लिए एक साहसी लड़ाई के बाद जूलियन का इस सप्ताह निधन हो गया। वह अपने जीवन, अपने काम, अपने प्रशंसकों और सबसे बढ़कर अपने परिवार से बहुत प्यार करते थे। हम आपसे अनुरोध करते हैं कि आप हमें इस दुख की घड़ी में प्राइवेसी प्रदान करें और जूलियन को चाहने वाले सभी लोगों से अनुरोध करें कि वे जीवन में खुश रहें, जैसा कि जूलियन थे।'अभिनेता जूलियन मैकमोहन ऑस्ट्रेलिया के पूर्व प्रधानमंत्री सर विलियम मैकमोहन के पुत्र थे। अभिनेता ने अपने करियर की शुरुआत मॉडलिंग से की थी, फिर इसके बाद वो टीवी की दुनिया में शानदार अभिनय के जरिए लोगों के दिलों में छा गए। साल 2005 में मैकमोहन को 'फैंटास्टिक फोर' फिल्म ने वैश्विक पहचान दिलाई थी। इसमें अभिनेता ने विक्टर वॉन डूम की भूमिका निभाई, जिन्हें डॉ. डूम के नाम से भी जाना जाता था। जूलियन मैकमोहन की पहली फिल्म 'वेट एंड वाइल्ड समर' थी। इसके बाद उन्होंने 'अदर वर्ल्ड', 'चार्म्ड', 'एफबीआई: मोस्ट वांटेड' और 'फैंटास्टिक फोर', 'एनअदर डे', 'प्रिजनर', 'फायर विथ फायर' जैसी शानदार फिल्में कीं।

# Prabhas




**Prabhas Help: अपनी फिल्मों को लेकर सुर्खियों में रहने वाले एक्टर प्रभास अब टॉलीवुड इंडस्ट्री के एक मशहूर कॉमेडियन एक्टर की मदद के लिए आगे आए हैं। प्रभास के आगे आने के बाद कॉमेडियन के परिवार ने बाकी कलाकारों से भी अपील की है।** 'बाहुबली' फेम अभिनेता प्रभास ने कुछ ऐसा किया है जिसकी सराहना की जा रही है। प्रभास दिग्गज कॉमेडियन फिश वेंकट के मुश्किल वक्त में उनकी मदद के लिए आगे आए हैं। मौजूदा वक्त में गंभीर हालत में आईसीयू में भर्ती कॉमेडियन फिश वेंकट को तत्काल किडनी ट्रांसप्लांट की आवश्यकता है। इसके लिए अब प्रभास आगे आए और उन्होंने कॉमेडियन की वित्तीय सहायता की है। इसकी जानकारी खुद फिश वेंकट की बेटी ने दी है। वन इंडिया के साथ बातचीत के दौरान फिश वेंकट की बेटी श्रावंती ने बताया कि प्रभास की टीम ने उनके पिता की वित्तीय मदद की है। श्रावंती ने अपने पिता के साथ काम करने वाले प्रमुख टॉलीवुड कलाकारों से भी मदद की अपील की है। श्रावंती ने बताया कि उन्हें फिश वेंकट के किडनी ट्रांसप्लांट के लिए लगभग 50 लाख रुपये की आवश्यकता है और प्रभास ने खर्च उठाने का वादा किया है। अपने पिता की गंभीर स्थिति के बारे में गहरी चिंता जताते हुए श्रावंती ने बताया कि वह आईसीयू में हैं और उन्हें तुरंत ही ट्रांसप्लांट कराना है।फिश वेंकट की बेटी ने बताया कि पापा की तबीयत काफी खराब है। उनकी हालत गंभीर है। वह आईसीयू में हैं और उन्हें किडनी ट्रांसप्लांट की आवश्यकता है, जिस पर हमें कम से कम 50 लाख रुपये खर्च करने होंगे। प्रभास के असिस्टेंट ने हमसे संपर्क किया और वित्तीय सहायता का आश्वासन दिया। उन्होंने हमें ट्रांसप्लांट होने पर उन्हें जानकारी देने के लिए कहा ताकि वो इसकी फीस दे सकें। प्रभास की मदद से कुछ राहत मिली है, लेकिन बड़ी चुनौती किडनी डोनर ढूंढना है। फिश वेंकट की बेटी ने खुलासा किया कि परिवार में कोई भी व्यक्ति उन्हें किडनी नहीं दे सकता



# Income Tax

## 80GGC के तहत फर्जी दावों की सूचना पर आयकर विभाग की कार्रवाई, 200 जगहों पर छापेमारी

Income Tax: आयकर विभाग राजनीतिक चंदे की फर्जी कटौतियों के सिलसिले में छापेमारी अभियान चलाया। विभाग की ओर से यह कार्रवाई 80GGC के तहत कई बिचौलियों की ओर से दावा किए गए कई फर्जी बिल मिलने के बाद हुई है। आइए इस बारे में विस्तार से जानें।आयकर विभाग राजनीतिक चंदे की फर्जी कटौतियों के सिलसिले में छापेमारी अभियान चलाया। विभाग की ओर से यह कार्रवाई 80GGC के तहत कई बिचौलियों की ओर से दावा किए गए कई फर्जी बिल मिलने के बाद हुई है। आयकर अधिनियम की धारा 80GGC करदाताओं को राजनीतिक दलों को दिए गए चंदे पर आयकर में छूट या कटौती का प्रावधान करती है। फर्जी चिकित्सा खर्च और ट्यूशन फीस के सिलसिले में भी छापेमारी जारी है। सूत्रों ने एएनआई को बताया है कि 200 से ज्यादा जगहों पर छापेमारी चल रही है। 80GGC एक आयकर अधिनियम की धारा है जो भारतीय नागरिकों को राजनीतिक दलों को दिए गए योगदान पर कर लाभ प्रदान करती है। इस धारा के तहत, व्यक्ति और कंपनियां राजनीतिक दलों को दिए गए योगदान पर आयकर में छूट का लाभ उठा सकती हैं।यह छूट उन व्यक्तियों और कंपनियों के लिए उपलब्ध है जो राजनीतिक दलों




को चंदा देते हैं। धारा 80GGC के तहत, योगदान की पूरी राशि पर आयकर अधिनियम के तहत कटौती का दावा किया जा सकता है, बशर्ते योगदान नकद में न होकर चेक या डिजिटल माध्यम से किया गया हो। यह धारा राजनीतिक दलों के लिए पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देने के साथ-साथ नागरिकों को राजनीतिक प्रक्रिया में योगदान करने के लिए प्रोत्साहित करती है।




# भारतीय परिवारों के पास 25000 टन सोना

सोने को बेचना हमें अपनी विरासत से बिछड़ने जैसा लग सकता है। लेकिन, यह बात हमेशा ध्यान रखें कि सोना अन्य एसेट की तरह एक संपत्ति भी है और शेयरों की तरह इसका मूल्यांकन करना जरूरी है। आज के समय में सोना आपका बैकअप प्लान, विकास कोष और सुरक्षा कवच सब कुछ हो सकता है। भारत में सोना सिर्फ धन नहीं, यह हमारी पहचान का हिस्सा है। यह वह बेशकीमती उपहार है, जो दादी-नानी शादी में आशीर्वाद के रूप में देती हैं। माता-पिता इसे गुपचुप तरीके से तिजोरी में सहेज कर रखते हैं और जरूरत के समय यही सोना हर परिवार का सहारा बनता है। इस प्रकार, सोना सिर्फ धातु नहीं, बल्कि यादों, परंपरा



और भावनाओं का प्रतीक है। लेकिन, यह बात भी नहीं भूलनी चाहिए कि सोना दुनियाभर में सबसे भरोसेमंद निवेश विकल्प भी है। बात जब निवेश की आती है, तो आपको अपने पोर्टफोलियो को संतुलित बनाना भी जरूरी होता है। ऐसे में यह सवाल भी उठता है कि सोने को सिर्फ घर में रखकर छोड़ देना कितना सही फैसला है।सोना चाहे जेवर के रूप में हो या डिजिटल स्वरूप में, भारतीयों का सोने के प्रति प्यार न केवल भावनात्मक है, बल्कि आर्थिक रूप से भी बहुत महत्वपूर्ण है। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल (डब्ल्यूजीसी) के आंकड़ों के मुताबिक, भारतीय परिवारों और संस्थानों के पास कुल मिलाकर लगभग 25,000 टन फिजिकल सोना मौजूद है। इसका अनुमानित मूल्य 2.5 लाख करोड़ रुपये है, जबकि डिजिटल सोने

# वैश्विक अर्थव्यवस्था की इंक्रीमेंटल

## ग्रोथ में भारत की हिस्सेदारी 6.7%, अकेले SBI का योगदान 1.1%

भारत ने वित्त वर्ष 25 में वैश्विक अर्थव्यवस्था की वृद्धिशील वृद्धि में लगभग 6.7 प्रतिशत का योगदान दिया और अकेले भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की वृद्धिशील वृद्धि में 1.1 प्रतिशत की हिस्सेदारी है। एसबीआई रिसर्च ने अपनी एक रिपोर्ट में यह बात कही है।भारत ने वित्त वर्ष 25 में वैश्विक अर्थव्यवस्था की वृद्धिशील वृद्धि में लगभग 6.7 प्रतिशत का योगदान दिया और अकेले भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की वृद्धिशील वृद्धि में 1.1 प्रतिशत की हिस्सेदारी है। एसबीआई रिसर्च की




एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। रिपोर्ट में वैश्विक आर्थिक मोर्चे पर भारत के मजबूत प्रदर्शन पर प्रकाश डाला गया है, जिसने वित्त वर्ष 25 के दौरान वैश्विक जीडीपी में कुल वृद्धि में 297 बिलियन अमरीकी डॉलर जोड़े। इसमें कहा गया है, "वैश्विक स्तर पर, भारत ने वित्त वर्ष 25 में वृद्धिशील वैश्विक जीडीपी में लगभग 6.7 प्रतिशत का योगदान दिया"।वित्त वर्ष 25 में विश्व अर्थव्यवस्था में 4,118 बिलियन अमरीकी डॉलर की वृद्धि हुई और इसमें भारत की हिस्सेदारी 297 बिलियन अमरीकी डॉलर थी। इसका मतलब है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में कुल वृद्धि में भारत का योगदान लगभग 7 प्रतिशत था, जो वैश्विक विकास में अग्रणी योगदानकर्ताओं में से एक के रूप में इसके बढ़ते महत्व और ताकत को दर्शाता है।

# डिजिटल तकनीक ने बदल दी भारत की कर प्रणाली

Tax: डिजिटल तकनीक ने भारत की कर प्रणाली को ज्यादा पारदर्शी और तेज बना दिया है, जिससे करदाताओं को रिफंड पहले से कहीं जल्दी और ज्यादा मिल रहा है। पिछले दस वर्षों में कर वापसी (रिफंड) में 474% की वृद्धि हुई है, जबकि औसतन रिफंड जारी होने का समय 93 दिन से घटकर सिर्फ 17 दिन रह गया है। वित्त मंत्रालय के सूत्रों ने यह जानकारी दी।Tax: डिजिटल तकनीक ने भारत की कर प्रणाली को ज्यादा पारदर्शी और तेज बना दिया है, जिससे करदाताओं को रिफंड पहले से कहीं जल्दी और ज्यादा मिल रहा है। पिछले दस वर्षों में कर वापसी (रिफंड) में 474% की वृद्धि हुई है, जबकि औसतन रिफंड जारी होने का समय 93 दिन से घटकर सिर्फ 17 दिन रह गया है। वित्त मंत्रालय के सूत्रों ने यह जानकारी दी।सूत्रों ने बताया कि 2013-14 से 2024-



आईटी, बीएफएसआई (बैंकिंग, वित्तीय सेवा एवं बीमा), विनिर्माण और एफएमसीजी क्षेत्रों का योगदान है। फाउंडइट के मुख्य राजस्व एवं वृद्धि अधिकारी प्रणय काले ने कहा, यह हाल के वर्षों में सबसे मजबूत वृद्धि है, जो भारत के रोजगार परिदृश्य में टियर-2 शहरों के बढ़ते महत्व को बताती है। अब नौकरी चाहने वालों के पास अपने घर के पास ही विभिन्न अवसर उपलब्ध हैंरिपोर्ट के मुताबिक, टियर-2 शहरों में भर्तियां सालाना आधार पर 28 फीसदी बढ़ी हैं। इसके उलट, दिल्ली-एनसीआर (5 फीसदी), चेन्नई (18 फीसदी) और बंगलूरू (16 फीसदी) जैसे प्रमुख महानगरों में तुलनात्मक रूप से धीमी वृद्धि देखी गई। टियर-2 शहरों में आईटी भर्तियों में 53 फीसदी की असाधारण वृद्धि रही जो राष्ट्रीय औसत 30 फीसदी से अधिक है।

# Trade: 9 जुलाई से पहले व्यापार

सौदे को अंतिम रूप देने की कोशिश में भारत-अमेरिका, टैरिफ की अब भी लटक रही तलवार भारत और अमेरिका 9 जुलाई से पहले एक अंतरिम व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने की कोशिश कर रहे हैं। अमेरिका की ओर से लगाए गए 26 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ में छूट खत्म होने से पहले दोनों देश बातचीत में जुटे हैं। व्यापार सौदे में कृषि और डेयरी जैसे क्षेत्र चुनौतीपूर्ण हैं। भारत और अमेरिका के बीच एक अंतरिम व्यापार समझौते को लेकर बातचीत जारी है और दोनों देश इस समझौते को 9 जुलाई से पहले अंतिम रूप देने की कोशिश कर रहे हैं। सूत्रों के हवाले से सोमवार को यह जानकारी दी गई। अमेरिका ने 2 अप्रैल को भारत से



आने वाले सामानों पर 26 फीसदी अतिरिक्त कर (टैरिफ) लगाने का एलान किया था, लेकिन ट्रंप प्रशासन ने इसे 90 दिनों के लिए टाल दिया था। हालांकि, 10 फीसदी का मूल टैक्स अभी भी लागू है। भारत चाहता है कि उसे इस 26 फीसदी अतिरिक्त कर से पूरी तरह छूट मिल जाए। जब पूछा गया कि क्या भारत और अमेरिका 9 जुलाई तक अंतरिम व्यापार समझौते को अंतिम रूप देना चाहते हैं, तो सूत्रों ने कहा,

# भारतीय अर्थव्यवस्था-वित्तीय प्रणाली

**तैरिफ के झटकों से निपटने में सक्षम; भारत FDI के लिए आकर्षक** आरबीआई की सोमवार को जारी वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट के मुताबिक, भारत की वृद्धि की मुख्य वजह घरेलू मांग में उछाल है, इसलिए यह वैश्विक चुनौतियों से अछूती है। भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूती से बढ़ रही है, जो महंगाई में लगातार कमी के साथ व्यापक आर्थिक और वित्तीय स्थिरता में मदद कर रही है।

बढ़ते व्यापार, कई देशों के बीच लंबे समय तक चल रहे तनाव और उन्नत देशों के नीतिगत फैसलों से पड़ने वाले प्रभावों से उभरती अर्थव्यवस्थाओं को नई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। दुनियाभर में जारी अनिश्चित और चुनौतीपूर्ण आर्थिक पृष्ठभूमि के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था वैश्विक विकास का एक प्रमुख चालक बनी हुई है।आरबीआई की सोमवार को जारी वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट के मुताबिक, भारत की वृद्धि की मुख्य वजह घरेलू मांग में उछाल है, इसलिए यह वैश्विक चुनौतियों से अछूती है। भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूती से बढ़ रही है, जो महंगाई में लगातार कमी के साथ व्यापक आर्थिक और वित्तीय स्थिरता में मदद कर रही है। घरेलू वित्तीय




प्रणाली बैंकों और गैर-बैंकिंग कंपनियों की स्वस्थ बैलेंस शीट से मजबूत बनी हुई है।रिपोर्ट के अनुसार, वित्तीय बाजारों में कम अस्थिरता और उदार मौद्रिक नीति से समर्थित वित्तीय स्थितियां आसान हुई हैं।


# BOOK YOUR ADVERTISEMENT



+91 7088120612



















# Hockey Asia Cup

**एशिया कप में हिस्सा लेने से पाकिस्तान हॉकी टीम को नहीं रोकेगा भारत, राजगीर में होना है आयोजन हॉकी एशिया कप का आयोजन** 27 अगस्त से सात सितंबर तक बिहार के राजगीर में होना है। खेल मंत्रालय के सूत्र ने बताया कि वे बहु-राष्ट्रीय टूर्नामेंट में किसी टीम के शामिल होने के खिलाफ नहीं हैं। हॉकी एशिया कप का आयोजन 27 अगस्त से सात सितंबर तक बिहार के राजगीर में होना है। खेल मंत्रालय के सूत्र ने कहा, हम भारत में होने वाले बहु-राष्ट्रीय टूर्नामेंट में किसी टीम के शामिल होने खिलाफ नहीं हैं, लेकिन द्विपक्षीय सीरीज अलग बात है। अंतरराष्ट्रीय खेल की मांग होती है कि हम किसी को टूर्नामेंट से बाहर नहीं कर सकते। रूस और यूक्रेन के बीच जंग चल रही है, लेकिन वे बहु-राष्ट्रीय टूर्नामेंट में खेलते हैं। यह पूछे जाने पर कि अगर सितंबर में पुरुष एशिया कप का आयोजन होता है तो क्या भारत को पाकिस्तान के साथ खेलने की मंजूरी मिलेगी? इस पर खेल मंत्रालय के सूत्र ने कहा, बीसीसीआई ने अब तक इस मामले को लेकर संपर्क नहीं किया है। जब वे हमसे इस बारे में पूछेंगे तो हम देखेंगे क्या करना है। ऑपरेशन सिंदूर के कारण अगले महीने एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में पाकिस्तान की भागीदारी को लेकर संदेह था। हॉकी एशिया कप में भारत सहित आठ टीमें भाग लेंगी। एशिया कप के अलावा नवंबर-दिसंबर में होने वाले जूनियर विश्व कप में भी पाकिस्तान की टीम को खेलने की अनुमति दी जाएगी।



# भारत को लगा छठा झटका

भारत और इंग्लैंड के बीच दूसरे टेस्ट मैच का आज दूसरा दिन है। भारत ने शुभमन गिल के शतक की मदद से 300 रन का स्कोर पार कर लिया था और अब उसकी नजरें मजबूत स्कोर बनाने पर टिकी होंगी।



जोश टंग ने रवींद्र जडेजा को आउट कर इंग्लैंड को छठी सफलता दिलाई। जडेजा और गिल के बीच छठे विकेट के लिए 203 रनों की साझेदारी हुई जिसे टंग ने तोड़ा। जडेजा शानदार बल्लेबाजी कर रहे थे और शतक की ओर बढ़ रहे थे, लेकिन इससे चूक गए। जडेजा 137 गेंदों पर 10 चौकों और एक छक्के की मदद से 89 रन बनाकर आउट हुए। इंग्लैंड के खिलाफ भारत का स्कोर पहली पारी में 400 रन के पार पहुंच गया है। भारत के लिए कप्तान गिल और ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा अच्छी साझेदारी निभा रहे हैं। दोनों बल्लेबाजों ने छठे विकेट के लिए अब तक 180+ रनों की साझेदारी कर ली है। भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ पहली पारी में 150 रन पूरे कर लिए हैं। गिल ने जडेजा के साथ मिलकर छठे विकेट के लिए 166 रनों की साझेदारी पूरी कर ली है। भारत का स्कोर 375 रन के पार पहुंच गया है।

# Canada Open



विश्व चैंपियनशिप 2021 के रजत पदक विजेता और 2022 थॉमस कप विजेता श्रीकांत ने दुनिया के 71वें नंबर के खिलाड़ी वांग को 21-19, 21-12 से शिकस्त दी। भारत के किदांबी श्रीकांत कनाडा ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं। श्रीकांत ने पुरुष एकल वर्ग में तीनी ताइपे के वांग पो वेई को सीधे गेम में हराया। विश्व चैंपियनशिप 2021 के रजत पदक विजेता और 2022 थॉमस कप विजेता श्रीकांत ने दुनिया के 71वें नंबर के खिलाड़ी वांग को 21-19, 21-12 से शिकस्त दी।इस साल मई में मलयेशिया मास्टर्स के फाइनल में पहुंचने वाले दुनिया के 49वें नंबर के खिलाड़ी श्रीकांत का सामना अब चीनी ताइपे के शीर्ष वरीय चोउ टिएन चेन से हो सकता है। शुरुआती गेम में श्रीकांत ज्यादातर समय पीछे चल रहे थे और उन्होंने 5-11 के स्कोर से वापसी करते हुए स्कोर 18-18 किया। इसके बाद उन्होंने अगले चार प्वाइंट हासिल किए। दूसरे गेम में वांग ने 6-1 की बढ़त बना ली थी, लेकिन श्रीकांत ने सात अंक अपने नाम कर स्कोर 8-6 किया और मैच का रुख पलट दिया। चीनी ताइपे के खिलाड़ी ने फिर वापसी की और स्कोर 13-10 किया, लेकिन श्रीकांत ने भी हार नहीं मानी और नौ प्वाइंट लेकर मैच वांग के हाथों से दूर कर दिया

# भारतीय टीम में तीन बदलाव

**शार्दुल-सुदर्शन और बुमराह बाहर, दो स्पिनरों के साथ उतरा भारत भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला बर्मिंघम के एजबेस्टन में खेला जा रहा है। टॉस हो चुका है।भारत और इंग्लैंड के**



बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला बर्मिंघम के एजबेस्टन में खेला जा रहा है। टॉस हो चुका है और इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने पहले गेंदबाजी का फैसला किया है। भारतीय टीम पहले बल्लेबाजी करेगी। हालांकि, कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि वह भी पहले गेंदबाजी ही करना चाहते थे। गिल ने प्लेइंग-11 में तीन बदलाव की पुष्टि की।गिल ने बताया कि शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह और साई सुदर्शन यह मैच नहीं खेल रहे हैं। इनकी जगह नीतीश रेड्डी, आकाश दीप और वॉशिंगटन सुंदर प्लेइंग-11 में आए हैं। गिल ने कहा- बुमराह के वर्कलोड को मैनेज करने के लिए यह फैसला लिया गया है। हमें अच्छा ब्रेक मिला और यह हमारे लिए एक महत्वपूर्ण मैच है, लेकिन तीसरा टेस्ट लॉर्ड्स में होने के कारण, हमें लगता है कि उस पिच में गेंदबाजों के लिए बहुत कुछ होगा। इसलिए हमने बुमराह को वहां इस्तेमाल करने का सोचा है।कुलदीप पर सुंदर को तरजीह देने को लेकर गिल ने कहा, 'हम कुलदीप को खिलाने के लिए आतुर थे, लेकिन पिछले मैच को देखते हुए कि हमारे निचले क्रम ने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया, इसलिए बल्लेबाजी में कुछ गहराई जोड़ने का फैसला किया और सुंदर को मौका दिया।' सुदर्शन के नहीं खेलने का मतलब है कि करुण तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे। लीड्स में पिछले टेस्ट में सुदर्शन और करुण दोनों ही कुछ कमाल नहीं कर पाए थे। दोनों पहली पारी में खाता नहीं खोल सके थे, जबकि दूसरी पारी में सुदर्शन ने 30 और करुण ने 20 रन बनाए थे। वहीं, छठे नंबर पर नीतीश आएंगे। भारतीय टीम के पास इस टेस्ट में गेंदबाजी के छह विकल्प हैं। शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, करुण नायर, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), नीतीश रेड्डी, रवींद्र जडेजा, वॉशिंगटन सुंदर, आकाश दीप, मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा।जैक क्राउली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रूक, बेन स्टोक्स (कप्तान), जेमी स्मिथ (विकेटकीपर), क्रिस वोक्स, ब्राइडन कार्स, जोश टंग, शोएब बशीर।

# विश्व चैंपियन गुकेश ने दी नंबर-1 मैग्नस कार्लसन को मात




पहले दिन तीन में से दो मैच जीतने वाले गुकेश ने चौथे और पांचवें दौर में उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव और अमेरिकी ग्रैंडमास्टर फैबियानो कारूआना को हराया था। वह 10 अंकों के साथ टूर्नामेंट में शीर्ष बढ़त पर आ गए हैं।विश्व शतरंज चैंपियन भारतीय ग्रैंडमास्टर डी. गुकेश ने ग्रैंड शतरंज टूर रैपिड 2025 के जागरेब चरण में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन को काले मोहरों के साथ छठे राउंड में हरा दिया। वह 10 अंकों के साथ टूर्नामेंट में शीर्ष बढ़त पर आ गए हैं।पहले दिन तीन में से दो मैच जीतने वाले गुकेश ने चौथे और पांचवें दौर में उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव और अमेरिकी ग्रैंडमास्टर फैबियानो कारूआना को हराया था। यह गुकेश की कार्लसन पर लगातार दूसरी जीत है। पिछले महीने उन्होंने कार्लसन को नार्वे शतरंज में हराया था। गुकेश को पहले मुकाबले में पोलैंड के डूडा ने 59 चालों में मात दी। इसके बाद गुकेश ने वापसी की। उन्होंने फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा और हमवतन प्रज्ञानंद को मात दी।पहले दिन तीन में से दो मैच जीतने वाले गुकेश ने चौथे और पांचवें दौर में उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव और अमेरिकी ग्रैंडमास्टर फैबियानो कारूआना को हराया था। यह गुकेश की कार्लसन पर लगातार दूसरी जीत है। पिछले महीने उन्होंने कार्लसन को नार्वे शतरंज में हराया था। गुकेश को पहले मुकाबले में पोलैंड के डूडा ने 59 चालों में मात दी। इसके बाद गुकेश ने वापसी की। उन्होंने फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा और हमवतन प्रज्ञानंद को मात दी।पहले दिन तीन में से दो मैच जीतने वाले गुकेश ने चौथे और पांचवें दौर में उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव और अमेरिकी ग्रैंडमास्टर फैबियानो कारूआना को हराया था। यह गुकेश की कार्लसन पर लगातार दूसरी जीत है। पिछले महीने उन्होंने कार्लसन को नार्वे शतरंज में हराया था।